Seventeenth Loksabha

>

Title : Request to remove the GST on man made fibre as the increased GST on thread is affecting the textile Industry in Ambedkar Nagar.

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर): धन्यवाद सभापति महोदय । मेरा क्षेत्र अम्बेडकर नगर एक बुनकर बाहुल्य क्षेत्र है । मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी और माननीय कपड़ा मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि जो मैन मेड फाइबर पर जीएसटी को बढ़ाकर 12 परसेंट कर दिया गया है । उससे बुनकरों का मार्केट पूरी तरह से टूट चुका है । मेरे क्षेत्र अम्बेडकर नगर में बुनकर एक तरफ बिजली की मार से मार खा रहे थे, अब ये बढ़े हुए धागों की दामों से मार खा रहे हैं । इसकी वजह से उनके छोटे-छोटे कारखाने बंद हो गए हैं । अब उन्हें दक्षिण भारत और महाराष्ट्र जैसी जगहों पर पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी एवं कपड़ा मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि वे धागे के ऊपर जीएसटी को घटाकर जीरो करें, ताकि पुनः कंपीटिविटी आ जाए और इन लोगों का कारोबार आराम से आगे बढ़ सके । बहुत-बहुत धन्यवाद ।